नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के साथ हिंदी इमर्शन कार्यक्रम

कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर की प्रतिनिधि डॉ संध्या सिंह

वर्धा

नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के साथ हिंदी इमर्शन कार्यक्रम संचालित करने के लिए सहमति पत्र हस्ताक्षरित किया गया। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर की प्रतिनिधि डॉ संध्या सिंह ने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच संभावित अकादमिक सहयोग पर बातचीत की। विदेशियों के लिए हिंदी शिक्षण सामग्री तैयार करने पर सहमति बनी जिसे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय प्रकाशित करेगा। शिक्षकों और विद्यार्थियों की शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने पर बातचीत हुई।